iReport.ie सारांश, साल 2022 में आयरलैंड में जातिवादी घटनाओं के मामले

सन् 2022 में जनता से 600 सूचनाएं (रिपोर्ट) प्राप्त हुईं।

- इनमें से 223 सूचनाएं (रिपोर्ट) नस्लवादी आपराधिक अपराधों के बारे में थीं जिसमें हमला, धमकी, उत्पीड़न और आपराधिक क्षति करना शामिल था।
- 190 सूचनाएं (रिपोर्ट) गैर-कानूनी नस्लवादी भेदभाव के बारे में थीं।
- 136 सूचनाएं (रिपोर्ट) मीडिया या ऑनलाइन, या सार्वजनिक हस्तियों के द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करने के बारे में थीं।
- 16 रिपोर्ट दीवारों पर नस्लवादी भितिचित्रण करने की थीं।

सन् 2022 में पांच में से केवल एक अपराध (20%) पुलिस को सूचित किया गया, जिसका साल 2021 की तुलना में प्रतिशत कम रहा।

हमलों करने की घटनाओं की संख्या पिछले वर्षों की तरह 2022 में भी उतनी ही अधिक रहीं। ज्यादातर हमले अजनबियों के द्वारा किए गए थे।

सप्ताह, महीनों एवं वर्ष के दौरान बार-बार उत्पीड़न किए जाने की 114 सूचनाएं मिलीं। यह आमतौर पर आसपास/पड़ोस में किए जाते थे जहां कोई रहता था लेकिन ऐसी सूचनाएं कार्यस्थल एवं स्कूल से भी थीं। साल 2021 से इसमें विशेष वृद्धि थी।

उनहत्तर सूचनाएं (रिपोर्ट) काम पर या काम के लिए आवेदन के दौरान नस्लवाद होने के बारे में थीं। आधी से अधिक धटनाएं ग्राहकों या अन्य गैर-कर्मचारियों के द्वारा की गई थीं।

एक सौ ग्यारह सूचनाएं (रिपोर्ट) उन लोगों के बारे में थीं जिन्हें सार्वजनिक परिवहन, दुकानों, होटलों, जिम एवं अन्य सेवाओं को लेने से मना कर दिया गया था। तेरह सूचनाएं आवास में भेदभाव किए जाने की मिलीं। जाति के आधार पर वस्तुओं के उपभोग या सेवाओं को देने से मना करना गैर-कानूनी है जिसमें आवास में भेदभाव करना भी गैर-कानूनी है।

पुलिस, शिक्षा, सामाजिक कल्याण एवं स्थानीय सरकार सहित सार्वजनिक सेवा संगठनों के कर्मचारी रिर्पोट किए गए नस्लवादी भेदभाव के 17% मामलों हेतु जिम्मेदार थे। सार्वजनिक सेवा संगठनों का यह कर्तव्य है कि वे मानवाधिकार और समानता आयोग अधिनियम 2014 (पब्लिक सेक्टर इक्वलिटी एंड ह्यूमन राइट्स ड्यूटी 2014) का पालन करें और जाति के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सभी 16% घटनाओं एवं 51% अपराधों में जातिवादी भाषा देखी गई।

जातिवादी घटनाओं की 90% रिपोर्टों में ग्रस्त लोगों पर जातिवादी घटनाओं का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा। 8% सूचनाओं (रिपोर्ट) में शारीरिक चोटें आई थीं।

Full report available at: www.inar.ie

https://inar.ie/reportsofracism2022/

Report racism at www.iReport.ie